**BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI ROAD LUDHIANA**
**ASSIGNMENT-2**
**HINDI (2026-27)**
**CLASS-VI**

**M.M.25**

प्र०**1**निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए। **(5)**

हिमालय पर्वत भारत के उत्तर में स्थित है और यह विश्व की सबसे ऊँची पर्वत श्रृंखला है। इसकी सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट है, जो नेपाल में स्थित है। हिमालय शब्द संस्कृत के दो शब्दों 'हिम' और 'आलय' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है 'बर्फ का घर'। यह पर्वत श्रृंखला भारत को उत्तरी ठंडी हवाओं से बचाती है और मानसून की वर्षा लाने में भी सहायक होती है। हिमालय से गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र जैसी अनेक पवित्र नदियाँ निकलती हैं, जो करोड़ों लोगों को जल उपलब्ध कराती हैं। इसके अतिरिक्त, हिमालय में अनेक दुर्लभ जड़ी-बूटियाँ, वन्य जीव और सुंदर प्राकृतिक दृश्य पाए जाते हैं।यही कारण है कि हिमालय को "भारत का मुकुट" भी कहा जाता है। प्राचीन काल से ही ऋषि-मुनि तपस्या के लिए हिमालय की गोद में जाते रहे हैं। आज भी हिमालय पर्यटकों और पर्वतारोहियों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र है।

1)हिमालय भारत को किससे बचाता है?
(क) गर्म हवाओं से
(ख) उत्तरी ठंडी हवाओं से
(ग) बारिश से
(घ) भूकंप से

2)हिमालय को किस नाम से पुकारा जाता है?
(क) भारत का मुकुट
(ख) भारत का द्वार
(ग) भारत की धरोहर
(घ) भारत की सीमा

3)प्राचीन काल में ऋषि-मुनि किसलिए हिमालय जाते थे?
(क) व्यापार के लिए
(ख) तपस्या के लिए
(ग) युद्ध के लिए
(घ) पढ़ाई के लिए

4)लेखक ने हिमालय के प्रति किस प्रकार का दृष्टिकोण अपनाया है?
(क) उपेक्षा और आलोचना का
(ख) आदर, सम्मान और प्रशंसा का
(ग) भय और चिंता का
(घ) उदासीनता का

5)यदि हिमालय पर्वत न होता, तो भारत की जलवायु पर सबसे अधिक संभावित प्रभाव क्या पड़ता?
(क) भारत में गर्मी कम पड़ती
(ख) भारत को उत्तरी ठंडी हवाओं से सुरक्षा नहीं मिलती
(ग) भारत में नदियाँ अधिक हो जातीं
(घ) कोई प्रभाव नहीं पड़ता

प्र•2बिस्मिल के साहसी स्वभाव के निर्माण में उनकी माँ की भूमिका महत्वपूर्ण थी" — इस कथन को पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (2)

प्र•3बिस्मिल की माँ के चरित्र की किन विशेषताओं के आधार पर उन्हें एक स्वतंत्र-विचारक और उदार महिला कहा जा सकता है? (2)

प्र•4 “पतंग” कविता से हमें क्या सीख मिलती है? (1)

प्र•5 निम्न शब्दो के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए। **(3)**
दंड, उज्ज्वल

प्र•**6** निम्न मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए। **(3)**

- खून पसीना एक करना
- ईद का चांद होना

प्र•**7** निम्न वाक्यों में लिंग बदलकर वाक्य द्वारा लिखिए। **(2)**

- पंडित मंदिर में पूजा कर रहा है।
- शिक्षिका छात्रों को लेकर मैदान में गई।

प्र•**8** निम्न वाक्यों में क्रिया रेखांकित कर भेद बताइए। **(2)**

- उसने खा लिया।
- रमेश घूमने जा रहा है।

प्र•**9** उचित क्रिया द्वारा वाक्य पूरा कीजिए। **(1)**

- बूंद बूंद से सागर______ है।

प्र•10 विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया जाना है। इसके लिए सूचना लिखिए। (4)